अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**29 SEP. 2023**

**USEFUL FOR**

## IAS | PCS

**& other civil services exams**




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **28 सितंबर 2023 को भगत सिंह की 116वीं जयंती मनाई गई**



- भगत सिंह एक क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 23साल की उम्र में भारत की आजादी के लिए अपना जीवनबलिदान कर दिया।
- उन्होंने कम उम्र में ही ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।
- भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर, 1907 को पंजाब के बंगा - हुआ था।
- वह मार्क्सवाद से प्रभावित थे और व्लादिमीर लेनिन लियोन ट्रॉट्स्की और मिखाइल बाकुनिन के लेखन से प्रेरित थे।
- भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देने के लिए- 23 मार्च को 'शहीद दिवस' मनाया जाता है।
- भगत सिंह ने 12 साल की उम्र में जलियांवाला बाग हत्याकांड देखा था।

2. **हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन हो गया**



- प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और भारत में 'हरित क्रांति' के जनक एमएस स्वामीनाथन का चेन्नई में 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया.
- स्वामीनाथन ने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.
- एमएस स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के तंजावुर जिले में हुआ था.
- स्वामीनाथन को पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था.
- उन्हें 1971 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था.

3. **हरियाणा सरकार ने राज्य में 'हुक्का बार' पर प्रतिबंध लगा दिया है**



- हरियाणा सरकार ने घोषणा की है कि राज्य के सभी हुक्का बार बंद कर दिये जायेंगे.
- प्रतिबंध में राज्य भर के होटल, रेस्तरां, बार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को हुक्का परोसना शामिल है।
- हालांकि, यह ग्रामीण इलाकों में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक हुक्के पर लागू नहीं होगा.
- उन्होंने करनाल में नशामुक्ति अभियान के तहत आयोजित राज्य स्तरीय 'साइक्लोथॉन' के दौरान यह घोषणा की।
- **हरियाणा के बारे में**
- राजधानी – चंडीगढ़
- मुख्यमंत्री – मनोहर लाल खटटर
- राज्यपाल – बंडारू दत्तात्रेय

4. **ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 रैंकिंग में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर**




- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (Global Innovation Index) 2023 रैंकिंग में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बरकरार है.
- ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 2015 में 81वें स्थान से 2023 में 40वें स्थान पर पहुंच गया है.

5. **भारत सिडबी के साथ मिलकर एक 'संयुक्त क्षमता-निर्माण पहल' की शुरुआत की है?**

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने के उद्देश्य से, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) एक ऐप-आधारित 'इनवॉइस फाइनेंसिंग' लोन्स प्लेटफार्म' 'जीएसटी सहाय' (GST Sahay) लॉन्च करने जा रहा है.
- इसकी घोषणा सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक राहुल प्रियदर्शी ने एक कस्टमर आउटरीच प्रोग्राम के दौरान की.

6. **पूरे मणिपुर को मणिपुर सरकार ने अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है**



- सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) केतहत अशांत क्षेत्र की इस घोषणा से 19 विशिष्ट पुलिस स्टेशन क्षेत्रों को बाहर रखा गया है।
- पूरे राज्य में अफस्पा लगाने की अवधि अगले छह महीने लिए बढ़ा दी गई है।
- 19 पुलिस स्टेशन इंफाल घाटी के सात जिलों के अंतर्गत आते हैं।

7. **आईसीएमआर के एक अध्ययन के अनुसार, भारतीयों का नमक का सेवन डब्ल्यूएचओ मानक से3% अधिक है**

- आईसीएमआर की एक स्टडी के मुताबिक, भारतीय हर दिन 8 ग्राम नमक खा रहे हैं, जो डब्ल्यूएचओ के मानक से 3% ज्यादा है।
- पुरुषों द्वारा नमक का सेवन (8.9 ग्राम) अधिक है और नौकरीपेशा लोग हर दिन 8.6 ग्राम नमक का सेवन करते हैं।
- मोटे व्यक्तियों (9.2 ग्राम) और उच्च रक्तचाप (8.5 ग्राम) वाले लोगों में नमक की खपत अधिक हैं।- महिलाओं की नमक की औसत खपत प्रतिदिन 7.9 ग्राम है।

8. **कैमूर जिले में बिहार को दूसरा टाइगर रिजर्व मिलेगा**



- बिहार का बहुप्रतीक्षित दूसरा बाघ अभयारण्य 2023 केअंत या 2024 की शुरुआत में खुलेगा।
- कैमूर वन्यजीव अभयारण्य वाल्मिकी टाइगर रिजर्व - (वीटीआर) के बाद बिहार का दूसरा बाघ रिजर्व होगा।
- वर्तमान में राज्य में कुल 54 बाघ मौजूद हैं।
- शेरगढ़ किला, एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण, साथ ही 58 गाँव, इस बाघ अभयारण्य के बफर जोन में होंगे।

9. **नागालैंड पुलिस ने ड्रग्स और जबरन वसूली के खिलाफ लड़ने के लिए एक ऐप लॉन्च किया**



- नागालैंड पुलिस ने राज्य में ड्रग्स और जबरन वसूली के खिलाफ लड़ने के लिए "मेड इन नागालैंड " ऐप लॉन्च कियाहै।
- नागरिक मेड इन नागालैंड (मूवमेंट अगेंस्ट ड्रग्स एंड - एक्सटॉर्शन इन नागालैंड) ऐप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं, या वेबसाइट पर जा सकते हैं।
- यह ऐप आम जनता या पीड़ितों के लिए ड्रग्स और एक्सटॉर्शन से संबंधित शिकायतों की जानकारी प्रदान करने के लिए होगा।
- यह ऐप उन्हें पुलिस स्टेशन गए बिना जानकारी प्रदान करने में मदद करेगा।
- इस ऐप के जरिए गुमनाम शिकायतें भी दर्ज की जा सकतीहैं।

10. **17वां विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर 2023 को मनाया गया**



- 7वां विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर 2023 को मनाया गया।
- इस वर्ष विश्व रेबीज दिवस की थीम: "1 के लिए सभी, सभी के लिए एक स्वास्थ्य" है।
- यह दिन लुई पाश्चर की पुण्य तिथि के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने पहला रेबीज टीका विकसित किया था।
- थीम समानता के महत्व और सभी के लिए एक स्वास्थ्य सुनिश्चित करके समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने पर जोर देता है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. 28 सितंबर 2023 को भगत सिंह की कौनसी जयंती मनाई गई?**
(a) 115वीं
(b) 116वीं
(c) 117वीं
(d) 118वीं

**2. हाल ही में एमएस स्वामीनाथन का निधन हो गया है, वह किस क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यक्ति थे?**
(a) अंतरिक्ष
(b) चिकित्सा
(c) पत्रकारिता
(d) कृषि

**3. किस राज्य सरकार ने राज्य में 'हुक्का बार' पर प्रतिबंध लगा दिया है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) हरियाणा

**4. ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 में भारत की रैंक क्या है?**
(a) 40वां
(b) 51वां
(c) 81वां
(d) 82वां

**5. भारत किसके साथ मिलकर एक 'संयुक्त क्षमता-निर्माण पहल' की शुरुआत की है?**
(a) वर्ल्ड बैंक
(b) सिडबी
(c) संयुक्त राष्ट्र
(d) सार्क

**6. निम्नलिखित में से किसने 19 विशिष्ट पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर को AFSPA के तहत अशांत क्षेत्र घोषित किया है?**
(a) केंद्रीय गृह मंत्रालय
(b) मणिपुर सरकार
(c) केंद्रीय रक्षा मंत्रालय
(d) भारत के राष्ट्रपति

**7. आईसीएमआर के एक अध्ययन के अनुसार, भारतीयों का नमक का सेवन डब्ल्यूएचओ मानक से. अधिक है।**
(a) 3%
(b) 4%
(c) 6%
(d) 8%

**8. बिहार को अपना दूसरा बाघ अभयारण्य किस जिले में मिलेगा?**
(a) सारण
(b) नालन्दा
(c) कैमूर
(d) गया

**9. नागालैंड पुलिस _____ से लड़ने के लिए "मेड इन नागालैंड" ऐप लॉन्च किया है।**
(a) बच्चों का अवैध व्यापार
(b) जानवरों के अंगों 'अवैध बिक्री
(c) अवैध धर्म परिवर्तन
(d) ड्रग्स और जबरन वसूली

**10. विश्व रेबीज दिवस 2023 का विषय क्या है?**
(a) "सभी के लिए 1, सभी के लिए एक स्वास्थ्य"
(b) "सभी एक के लिए"
(c) "एक स्वास्थ्य"
(d) इनमे से कोई नहीं

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (d) | (d) | (a) | (b) | (b) | (a) | (c) | (d) | (a) |